**NEWS CLIPPING: 06.09.2019**

**PUNJAB KESARI**

# छात्रों के जीवन को बेहतर बनाने में श्रेष्ठ योगदान दें शिक्षक: प्रो. दिनेश कुमार

■ कहा, अध्यापन के साथ-साथ मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएं शिक्षक



*नई स्टार्ट-अप नीति का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।(छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 5 सितम्बर(पूजा शर्मा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षकों की भूमिका को मान्यता देते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में आज शिक्षक दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, कुलपति ने शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक के महत्व अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक के लिए शिक्षक दिवस इस पर पुनर्विचार करने का दिन होता है कि वह अपने विद्यार्थियों के जीवन में बेहतर बनाने में अपना क्या श्रेष्ठतम योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को अध्यापन के अलावा विद्यार्थियों को सफल कैरियर के लिए प्रेरित करने में मार्गदर्शक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बीच जुड़ाव और घनिष्ठ बनेगा। कार्यक्रम को कुलसचिव डॉ. राज कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सभी डीन, विभागाध्यक्ष तथा संकाय सदस्य उपस्थित थे।

नए होम पेज और वेबमेल एन्हांस फीचर के साथ नई लॉन्च की गई विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट मौजूदा साइट की जगह लेगी जो 2009 से संचालित थी। नई वेबसाइट को विश्वविद्यालय के आईटी सेल की टीम ने विकसित और डिजाइन किया है। विश्वविद्यालय के सिस्टम एनालिस्ट एवं प्रोग्रामर अंकित पत्रू ने बताया कि नई वेबसाइट तेज और

**NEWS CLIPPING: 06.09.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय में स्टार्ट-अप नीति लागू

■ **वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद**

**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) ने स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को विकसित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय की अपनी स्टार्ट-अप नीति जारी की है। इस प्रकार विश्वविद्यालय अपनी स्टार्ट-अप नीति लागू करने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। शिक्षक दिवस पर जारी की गई स्टार्ट-अप नीति को स्टार्ट-अप कोर्डिनेटर डॉ. संजीव गोयल व डॉ. रश्मि पोपली ने वीसी प्रो. दिनेश कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया है।

विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में स्टार्ट-अप नीति को जारी किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि नई नीति विद्यार्थियों को नवाचार की तरफ प्रोत्साहित करेगी तथा उन्हें कैरियर के रूप में उद्यमिता का चयन करने में सहयोग देगी। कुलपति ने कहा कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए 30 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसके अलावा विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र के संघ ने सेंटर की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया है। इनक्यूबेशन सेंटर विद्यार्थियों को उनके बिजनेस आइडिया को एक सफल स्टार्ट-अप के रूप में विकसित करने में सहायता प्रदान करेगा।

**मिलेगा मौका**

■ नई नीति विद्यार्थियों को नया करने को लेकर प्रोत्साहित करेगी और उन्हें करियर चुनने में सहायता मिलेगी

**NEWS CLIPPING: 06.09.2019**

**HINDUSTAN**

# स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहन मिलेगा

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए में गुरुवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कई नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसमें संस्थान की नई वेबसाइट, नई स्टार्ट-अप नीति और संकाय सदस्यों के लिए डेटा प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर शामिल हैं। मौके पर कार्यक्रम के कुलसचिव डॉ. राज कुमार ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर कुलपति ने कहा कि नई वेबसाइट नए होम पेज और वेबमेल एन्हांस फीचर के साथ नई लांच हुई है। इसे आईटी सेल की टीम ने विकसित और डिजाइन किया है। वहीं विवि में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को विकसित करने के लिए स्टार्ट-अप नीति जारी की है। इसके तहत स्टार्ट-अप नीति को राज्य सरकार के निर्देशानुसार मार्गदर्शन और मदद मिलेगी। **(का.सं.)**

**NEWS CLIPPING: 06.09.2019**

## DAINIK BHASKAR

**शुभारंभ** • नए होम पेज और वेब मेल एन्हांस फीचर के साथ जेसी बोस विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट भी लॉन्च की गई

# छात्रों के स्टार्टअप के लिए यूनिवर्सिटी ने जारी की नई नीति

**भास्कर न्यूज** | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए द्वारा शिक्षक दिवस विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट, स्टार्ट-अप नीति तथा डेटा प्रबंधन प्रणाली का किया शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि शिक्षकों को अध्यापन के अलावा विद्यार्थियों को सफल करियर के लिए प्रेरित करने में मार्गदर्शक के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए, जिससे शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए बीच जुड़ाव और घनिष्ठ बनेगा।

कार्यक्रम को कुलसचिव डॉ. राज कुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सभी डीन, विभागाध्यक्ष तथा संकाय सदस्य उपस्थित थे।



**फरीदाबाद.** जेसी बोस विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

नए होम पेज और वेब मेल एन्हांस फीचर के साथ नई लॉन्च की गई विश्वविद्यालय की नई वेबसाइट को विश्वविद्यालय के आईटी सेल की टीम ने विकसित और डिजाइन किया है। विश्वविद्यालय के सिस्टम एनालिस्ट एवं प्रोग्रामर अंकित पत्रू ने बताया कि नई वेबसाइट तेज और हल्का संस्करण और मोबाइल के लिए ज्यादा अनुकूलित है। बता दें कि विश्वविद्यालय का नाम में परिवर्तन होने के बाद से वेबसाइट के डोमेन में बदलाव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। विश्वविद्यालय में स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को विकसित करने और विद्यार्थियों के स्टार्ट-अप परियोजनाओं को सहयोग देने उद्देश्य से विश्वविद्यालय ने अपनी स्टार्ट-अप नीति जारी की है जो विश्वविद्यालय के मौजूदा तथा भूतपूर्व विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करेगी। स्टार्ट-अप नीति को राज्य सरकार दिशा-निर्देशानुसार स्टार्ट-अप कॉर्डिनेटर डॉ. संजीव गोयल तथा डॉ. रश्मि पोपली द्वारा तैयार किया गया है। इसी प्रकार, विकसित किया गया डाटा प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर संकाय सदस्यों को उनकी अकादमिक डाटा सहित सभी जानकारियां अपडेट करने में सक्षम बनायेगा। नई डाटा प्रबंधन प्रणाली को डिजिटल इंडिया सेल द्वारा विकसित किया गया है।